प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कोयला और लिग्नाइट के उत्पादन में भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। देश में कोयला उत्पादन एक अरब टन को पार कर गया है। यह कोयला क्षेत्र का तेज़ विकास सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि ऊर्जा के महत्वपूर्ण क्षेत्र में यह भारत के आत्मनिर्भर कदम को भी साबित करता है।

*****************

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ ने अपराध न्याय प्रणाली को बदलने में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली में एक समाराहों में उन्होंने नए जमाने के आपराधिक नेटवर्क से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नई तकनीक अपनाने जोर दिया।

*****************

लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने को लेकर आज रांची स्थित भाजपा कार्यालय में एनडीए की बैठक चल रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रदेश भाजपा चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, विधायक दल के नेता अमर कुमार बावरी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी, आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो, विधायक लंबोदर महतो और उमाकांत रजक समेत 14 लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशी और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

*****************

रांची प्रक्षेत्र के आईजी अखिलेश झा आज सरायकेला जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचे, जहां वे लोकसभा चुनाव समेत विधि व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में शामिल हुए। बैठक में आईजी ने लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने और लॉ एंड ऑर्डर से संबंधित कार्यों पर पुलिस पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

*****************

गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों में स्वीप कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर से आज उपायुक्त शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखा कर मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा की गढ़वा जिला में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन विभिन्न कार्यक्रम कर रही है। उन्होंने मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

*****************

हजारीबाग में नगर आयुक्त ने रामनवमी, ईद, चैती छठ और सरहुल पर्व को देखते हुए निगम के पदाधिकारियों और जमादार के साथ बैठक की। नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के निस्पादन हेतु QRT टीम गठित किया। वहीं वार्ड जमादारों को जुलूस मार्ग और सभी धार्मिक स्थल के पास एवं सरहुल मैदान की युद्ध स्तर पर सफाई कराने का निर्देश दिया है।

*****************

दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गयी हैं। यहां सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है।

*****************

गिरिडीह में गुप्त सूचना के आधार पर सोलह वर्षों से फरार चल रहे वारंटी नक्सली सनातन टुडू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फरार नक्सली अपने गांव आया हुआ है।तभी त्वरित छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई करते हुए 31 वर्षीय वारंटी नक्सली को गिरफ्तार किया गया।

*****************

तुपुदाना की तत्कालीन ओपी प्रभारी दारोगा मीरा सिंह ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची है। ईडी के अधिकारी मीरा सिंह से पूछताछ कर रहे हैं। बता दें कि राज्य में जमीन और बालू घोटाले में मनी लाउंड्रिंग के बिंदु पर जांच कर रही ईडी ने मीरा सिंह एवं उनके करीबी जमीन कारोबारी सह कांग्रेस नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के ठिकानों पर 21 मार्च को छापेमारी की थी।

इसके बाद अगले ही दिन 22 मार्च को एसएसपी ने तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह को लाइन हाजिर किया था।

************